**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 805**
**उत्तर देने की तारीख : 21.11.2019**

## नई रोशनी योजना

**805. श्री पी॰ के॰ कुन्हालीकुट्टीः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केरल राज्य सहित भारत की अल्पसंख्यक महिलाओं के कौशल और समग्र विकास हेतु नई रोशनी योजना के अन्तर्गत आर्थिक सशक्तिकरण सहित नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है और इस योजना के लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(ख) क्या मंत्रालय द्वारा योजना का कोई मूल्यांकन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केरल में योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी कौन–सी है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क) अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए एक योजना ''नई रोशनी'' केरल राज्य सहित भारत भर में कार्यान्वित की जा रही है जिसका उद्देश्य सभी स्तरों पर सरकारी तंत्रों, बैंकों एवं माध्यस्थों के साथ संपर्क करने हेतु जानकारी, उपकरण एवं तकनीकें उपलब्ध कराते हुए महिलाओं को सशक्त बनाना और उनमें आत्मविश्वास जगाना है। इसमें प्रशिक्षार्थी महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण शामिल है ताकि वे समाज के स्वतंत्र और विश्वस्त सदस्य बन सकें। इस योजना में एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है, उसके बाद एक वर्ष की अवधि के लिए हैंडहोल्डिंग कार्यक्रम होता है। प्रशिक्षण महिलाओं से संबंधित मुद्दों जैसे निर्णय लेने में भागीदारी के माध्यम से महिलाओं का नेतृत्व, महिलाओं के लिए शैक्षिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिलाओं के कानूनी अधिकार, वित्तीय साक्षरता, डिजीटल साक्षरता, स्वच्छ भारत, जीवन कौशल और सामाजिक एवं व्यवहारगत परिवर्तन के लिए सलाह, को कवर करते हुए पहले से डिजाइन किए गए विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूलों में दिया जाता है।

योजना की शुरूआत से देशभर में 3.94 लाख से अधिक महिलाओं का प्रशिक्षण स्वीकृत किया गया है जिनमें से 5600 महिलाओं का प्रशिक्षण केरल राज्य से स्वीकृत किया गया है।

(ख) नीति आयोग द्वारा एक मूल्यांकन अध्ययन किया गया है। अध्ययन ने 8 राज्यों नामतः असम, पश्चिम बंगाल, पंजाब, गुजरात, आंध्र प्रदेश, केरल, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 15 जिलों, 30 ब्लॉकों, 87 गांवों और 27 एनजीओ, 1335 लाभार्थी महिलाओं और 445 गैर–लाभार्थी महिलाओं को कवर किया है। अध्ययन के अनुसार योजना ने अल्पसंख्यक महिलाओं में विश्वास पैदा करने में सहायता की है और नेतृत्व की भावना विकसित की है। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षित महिलाएं अपने समृद्ध ज्ञान को अपने आस–पास में इस्तेमाल भी कर रही हैं और इस तरह

विभिन्न सरकारी प्राधिकारियों के साथ अपनी अनिवार्य मांगों और दावों को उठाते हुए अपने परिवारों के साथ–साथ अपने पड़ौसियों की सहायता भी कर रही हैं।

यह योजना मंत्रालय द्वारा पैनलबद्ध परियोजना कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियों (पीआईए) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। केरल राज्य से वित्तीय वर्ष 2017–18 से 2019–20 तक पैनलबद्ध पीआईए की सूची नीचे दी गई है:–

| **क्रम सं.** | **संगठन का नाम** |
|---|---|
| 1 | जन शिक्षण संस्थान एर्णाकुलम |
| 2 | जन शिक्षण संस्थान मलप्पुरम |
| 3 | कोट्टयम सोशल सर्विस सोसायटी कोट्टयम |
| 4 | मालाबार सोशल सर्विस सोसायटी कन्नूर |
| 5 | जन शिक्षण संस्थान पालक्कड़ |
| 6 | पीपल्स सर्विस सोसायटी पालक्कड़ |

******